## दिनांक 30/11/2021 को CBCS व NEP के सम्बन्ध में आहूत बैठक का कार्यवृत

आज दिनांक 30/11/2021 को कुलपति जी की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के निदेशकों की CBCS व NEP के सम्बन्ध में एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित निदेशको ने प्रतिभाग किया-

| | |
|---|---|
| 01-प्रोफेसर ओ0पी0एस0 नेगी (कुलपति जी) | अध्यक्ष |
| 02- प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र (निदेशक, अकादमिक) | सदस्य |
| 03- प्रोफेसर एच0पी0 शुक्ला (निदेशक, मानविकी विद्याशाखा) | सदस्य |
| 04-प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे (निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा) | सदस्य |
| 05-प्रोफेसर पी0डी0 पन्त (परीक्षा नियंत्रक) | सदस्य |
| 06-प्रोफेसर रेनू प्रकाश | सदस्य |
| 07-प्रोफेसर ऐ0के0 नवीन(निदेशक, विधि) | सदस्य |
| 08-डॉ जितेन्द्र पाण्डें (कार्यवाहक निदेशक, कम्प्यूटर विज्ञान विद्याशाखा) | सदस्य |
| 09-प्रोफेसर एच0एस0 नयाल (कुलसचिव) | सदस्य |

बैठक में अधोलिखित प्रस्ताव पर चर्चा की गई एवम तदनुसार संस्तुतियाँ की गयी –

1- बैठक में निदेशक, अकादमिक द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में CBCS व NEP लागू किये जाने हेतु UGC एवं शासन से लगातार पत्र प्राप्त हो रहें हैं। अत: इसे शीघ्र से शीघ्र विश्वविद्यालय में लागू किया जाना होगा। इस पर सभी के द्वारा सहमति दी गई।

2- निदेशक, अकादमिक द्वारा बताया गया कि CBCS लागू किये जाने का निर्णय बहुत व्यापक प्रभाव का होगा तथा सम्पूर्ण विश्वविद्यालय को प्रभावित करेगा इसलिए उचित होगा कि कुलसचिव कार्यालय के पत्रांक UOU/Dir.A/CBCS/21 दिनांक 30/11/2021 के द्वारा गठित समिति के माध्यम से दो स्तरों पर सुझाव मांगे जायें, क्रमश:;

क- समस्त विश्वविद्यालय के लिए तैयार किये जाने वाले आधार पाठयक्रमों एवं कौशल आधारित पाठयक्रमों हेतु बास्केट बनाना तथा इस हेतु नियमावली निर्धारित करना (उदाहरणार्थ:- विज्ञान ,वाणिज्य, एवं प्रबंध अध्ययन के विद्यार्थियों के लिए समाज विज्ञान एवं मानविकी के विषयों का विकल्प दिया जा सकता है तथा समाज विज्ञान एवं मानविकी के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान, वाणिज्य एवं प्रबंध अध्ययन के विषयों का विकल्प दिया जा सकता है तथा , क्रेडिट निर्धारण इत्यादि)।

ख- सम्पूर्ण विश्वविद्यालय के लिए एक नीति बनाना जो CBCS से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं को समाहित कर बनाई जाय। यह एक वृहद प्रक्रिय है अत: इसे लागू करने से पूर्व सभी कार्यक्रमों के स्वरूप में एकरूपता लानी होगी एवं NEP को भी इसमें समाहित किया जाय।

02/12/21

3- कोर पाठयक्रमों अर्थात इलेक्टिव्स के लिए सम्बन्धित निदेशकों के द्वारा अपनी विद्याशाखाओं के माध्यम से कार्य किया जायेगा तथा इस प्रक्रिया में अन्य विश्वविद्यालयो के सापेक्ष समरूप पाठयक्रम के निर्देश का भी ध्यान रखा जायेगा।

4- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्रांक D.O.F. No. 1-4/2021(QIP) दिनांक 18/11/2021 में NEP के क्रियान्वयन हेतु निम्न 4 प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गई;

A. Regulations on Academic Bank of Credits to promote flexibility and facilitate student mobility
B. Guidelines on Multiple Entry and Exit in the Academic Programmes of Higher Education Institutions
C. Establishment of Office for International Affairs - one stop contact for foreign Students
D. Alumni Connect at University Level to engage with Alumni (of foreign origins and Indians living abroad)

उक्त बिन्दुओं को भी उपर्युक्त प्रस्तर-2 में वर्णित समिति को ही दिया जायेगा यही समिति इस विषय में भी अध्ययन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी।

5- विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठयक्रमों का मॉड्यूलर ढांचा सुनिश्चित किये जाने हेतु भी विचार किया जाना अपेक्षित है तथा यह प्रकरण भी उक्त प्रस्तर-2 में वर्णित समिति को सौपे जानेपर सहमति हुई।

6- विश्वविद्यालय में मॉड्यूलर ढांचे के अतिरिक्त लेटरल इन्ट्री के प्रकरण को भी उक्त समिति को संदर्भित किये जाने पर सहमति दी गई।

7- उक्त समिति एक माह की अवधि में सभी निदेशकों के समक्ष उक्त प्रकरणों पर प्रस्तुतीकरण देगी तथा Policy, Document प्रस्तुत करेगी।

8- CBCS तथा NEP के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के स्तर पर चल रही इस प्रक्रिया को कार्य परिषद की आगामी बैठक में रखे जाने पर भी सहमति प्रदान की गई।

9- बैठक में वार्ता के दौरान उठे अन्य विषयों के अन्तर्गत दिनांक 27/11/2021 को सम्पन्न कुमाँऊ मण्डल के अध्ययन केन्द्र समन्वयकों तथा क्षेत्रीय निदेशकों की बैठक में आये कुछ सुझावों पर भी चर्चा हुई तथा निम्न निर्णय लिए गये;

क- राजकीय महाविद्यालयों में स्थापित कम संसाधन वाले अध्ययन केन्द्रों को एकमुश्त आर्थिक सहायता दिये जानेपर सहमति व्यक्त की गई। इस राशि से ऐसे अध्ययन केन्द्र उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के कार्यो के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर, रैक इत्यादि खरीद सकते हैं, अथवा खराब हो चुके उपकरणों की मरमत करा सकते है।

ऐसे अध्ययन केन्द्रों की सूची निदेशक, क्षेत्रीय सेवायें के द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी तथा इन केन्द्रों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता की राशि एवं नियमों का निर्धारण एक समिति करेगी जिसमें निदेशक, क्षेत्रीय सेवायें, कुलसचिव तथा वित्त नियंत्रक सम्मिलित होगें।

ख- कुछ अध्ययन केन्द्रों के द्वारा यह बताया गया कि उनके पास विश्वविद्यालय से प्राप्त राशि का कुछ भाग शेष है,किन्तु स्पष्ट दिशा-निर्देश के अभाव में वे इस राशि का उपयोग नही कर पा रहें हैं। इस सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया कि ऐसे अध्ययन केन्द्रों की तथा उपलब्ध धनराशि की गणना का विवरण निदेशालय,क्षेत्रीय सेवायें के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा एवं माननीय कुलपति जी से

02/12

अनुमति प्राप्त कर सम्बन्धित अध्ययन केन्द्र को इस राशि को छात्र हित में अध्ययन केन्द्र के विकास कार्यो में प्रयोग करने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

ग- निदेशक, उच्च शिक्षा, उच्चशिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी को एक पत्र लिखा जाय कि वे अपने प्राचार्यों को इस आशय का निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें कि नैक के मूल्यांकन के समय अध्ययन केन्द्र अथवा क्षेत्रीय केन्द्र में उपयुक्त संख्या में उपकरण, फर्नीचर, कक्षा-कक्ष इत्यादि दिखाये जा सकें।

10- उक्त चर्चा के दौरान निदेशक, सीका के द्वारा सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय का एक ऐसा बाह्य निरीक्षण करा लिया जाय जो नैक के निरीक्षण से पूर्ण एक रिहर्सल जैसा हो जिससे कि विश्वविद्यालय को अपनी तैयारियों की कमियॉं ज्ञात हो सकें। इस हेतु निम्न सदस्यों के नाम निर्धारित हुए ;

01- प्रोफेसर मंजुलिका श्रीवास्तव ( IGNOU, नई दिल्ली)

02- प्रोफेसर जे0पी0 पचौरी, कुलपति स्वामी राम विश्वविद्यालय, जौलीग्रांट, उत्तराखण्ड।

03- प्रोफेसर सी0डी0 सूंठा, प्राचार्य, बेरीनाग राजकीय महाविद्यालय। ✗

04- प्रोफेसर बी0आर0 पन्त, प्राचार्य, एम0बी0पी0जी0 कालेज, हल्द्वानी।

05- प्रोफेसर सतपाल बिष्ट, जीव विज्ञान विभाग, कुमाँऊ विश्वविद्यालय, नैनीताल। ✗

उक्त समिति दिनांक 15 से 20 दिसम्बर के बीच किन्ही दो दिन विश्वविद्यालय का बाह्य दृष्टि से निरीक्षण करेगी जिससे कि विश्वविद्यालय को अपनी कमियों को जानने का अवसर प्राप्त हो सकें।

उक्त निर्णय सर्वसम्मति से पारित कर तथा अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक का समापन हुआ।

02/12/21

निदेशक, अकादमिक/सीका

**Director Academic**
**Uttarakhand Open University**
**Haldwani (Nainital) 263 139**
**Uttarakhand**

(उपस्थिति विवरण सलग्न)

60

# Uttarakhand Open University, Haldwani

## Attendance Sheet

NEP-2021

**Date-30/11/2021** **Time: 11:30am**

| Sl. No. | Name and Designation | Signature |
|---|---|---|
| 1. | Prof. A.K. Nawin | |
| 2. | Prof. P.D. Pant | |
| 3. | H. P. Shukla | |
| 4. | R. C. Mishra | |
| 5. | G. P. Pande | |
| 6. | Renu Prakash | |
| 7. | Jeetendra Pande | |
| 8. | | |
| 9. | | |
| 10. | | |
| 11. | | |
| 12. | | |
| 13. | | |
| 14. | | |
| 15. | | |
| | | |
| | | |